होली खेले सांवरिया

बरसाने में आ जाइयो होली खेले सावरिया
आके धूम मचा जाइयो होली खेले सावरिया

कान्हा अपने संग सारे ग्वाल बाल लाना
चूक ना जाना तैयारी से आना
राधा जी का दर्शन पा जाइयो
होली खेले सावरिया

होली खेलने की यहाँ पूरी है तैयारी
लाडली जी सहित मिलेगी गोपी सारी
उनके लठ भी कहा जाइयो
होली खेले सावरिया

रंग अवीर गुलाल उड़ाएंगे
तू है कारो कलवा बसन्ती बनायेगे
फूलो के रंग में नहा जाइयो
होली खेले सावरिया

तुमको बुलाये बरसाना राधा रानी
होली का बहाना तुमसे प्रीत है बढ़ानी
भूलन को भी हर्षा जाइयो
होली खेले सावरिया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14905/title/holi-khele-sanwariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |